an>

Title: Need to develop Bhagalpur Airport, Bihar for operation of domestic flight.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र भागलपुर हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ नहीं है। भागलपुर के लिए सबसे नजदीक हवाई अड्डा पटना है, जिसकी दूरी 270 किलोमीटर है। सड़क मार्ग से जाने में लगभग सात घंटे का समय लगता है। भागलपुर एशिया का एक महत्वपूर्ण रेशम उद्योग नगरी है इसलिए भागलपुर सिल्क नगरी के रूप में भी जाना जाता है। देश के विभिन्न भागों से रेशम के कपड़े के व्यापार के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता हे। भागलपुर आने के लिए नजदीक में हवाई अड्डे का कोई अन्य विकल्प नहीं है। रेलगाड़ी से आने में काफी समय लगता है। यहां कई ऐतिहासिक पर्यटन स्थल हैं। जैसे विक्रमशिला, मन्दार हिल, तिलका मांझी, श्रींचंपापुर दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र आदि सहित कई पर्यटक स्थलों को देखने की दÂिट से भी लोग आते हैं। लेकिन हवाई मार्ग से जुड़े नहीं होने के कारण व्यापारी वर्ग तथा पर्यटकों को काफी असुविधा होती है। गंभीर रूप से बीमार अथवा दुर्घटना में घायल व्यक्ति को आपात स्थिति में सड़क मार्ग से पटना ले जाना पड़ता है। इस दौरान समय पर इलाज नहीं होने से रोगियों की मृत्यु भी हो जाती है।

अतः उपरोक्त सभी परिस्थितियों के आलोक में भारत सरकार से मेरी मांग है कि भागलपुर स्थित हवाई अड्डे को विकसित कर अंतर्देशीय हवाई यात्रा के लिए विमानों का परिचालन प्रारंभ कराने हेतु नागर विमानन मंत्रालय को आदेश देने की कृपा करने का कÂट करें।